## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेडी टू ईट के पोषण आहार की जांच प्रदेश में कहीं नहीं

जगदलपुर (आरएनएस)। महिला बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों और महिलाओं को लंबे समय से रेडी-टू-ईट पोषण आहार का वितरण किया जा रहा है, लेकिन यह भी एक चौंकाने वाला तथ्य है कि बने हुए रेडी-टू-ईट आहार में पोषण है कि नहीं इसकी जांच की कोई व्यवस्था प्रदेश भर में कहीं नहीं है और बस्तर में भी नहीं।

### तंत्र क्रिया के लिए मां की हत्या कर फरार पुत्र गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। तंत्र क्रिया के लिए मां की नृशंस हत्या कर उसका खून पीने और शव के टुकड़े कर तांत्रिक पूजा के बाद चूल्हे में जला कर फरार हुए पुत्र की तलाश अंततः पूरी हुई। आरोपी को कोरबी क्षेत्र के ग्राम रोदे में जंगल क्षेत्र से पकड़े जाने की खबर है।

### डीआरडीओ कंपनी के 33 कर्मचारियों को छह माह से नहीं मिला वेतन

जगदलपुर (आरएनएस)। गिरौला स्थित डीआरडीओ में काम करने वाली एक कंपनी के 33 कर्मचारियों को पिछले 6 महीनों से वेतन नहीं मिला है। ढाई महीने से इन कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है। बताया जाता है कि विजयवाड़ा की रेजिन एंड अलाइड प्रोडक्ट कंपनी की गिरौला साइट पर चल रहे काम में 33 कर्मचारी काम कर रहे थे।

### स्वाइन फ्लू की चपेट में आकर एक कि मौत, 2 अस्पताल में भर्ती

भिलाई (आरएनएस)। डेंगू बीमारी की चपेट के बाद छत्तीसगढ़ के भिलाई में स्वाइन फ्लू से शनिवार को एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। मृतक का नाम रामप्रसाद गुप्ता (58) है। सेक्टर-6 निवासी गुप्ता 10 जनवरी से खांसी, बुखार व सांस लेने में तकलीफहोने के कारण बीएम शाह अस्पताल में इलाज करवा रहे थे।

### 100 साल पुराना भवन तोड़कर बनेगा नया पशु चिकित्सालय

बिलासपुर (आरएनएस)। विधायक शैलेष पांडेय ने पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्था देखकर उन्होंने डॉक्टरों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पशु चिकित्सालय के 100 पुराने भवन को तोड़कर सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण कराने के निर्देश दिए। शनिवार की दोपहर तीन बजे विधायक पांडेय पशु चिकित्सालय पहुंच गए। डॉक्टरों के नहीं मिलने पर उन्हें तत्काल तलब किया। इसके बाद साफकहा कि इंसानों की तरह ही पशुओं के साथ व्यवहार होना चाहिए। उपचार को लेकर बहुत शिकायत मिली है। कई बार सामान्य बीमार पशुओं की भी मौत हो जाती है। अब ऐसा नहीं चलेगा। स्टाफने विधायक को भवन की समस्या से अवगत कराया। इस पर उन्होंने कहा कि पुराने भवन को तोड़कर नया अस्पताल भवन बनाया जाएगा। इसमें तमाम तरह की सुविधाएं होंगी। इस संबंध में उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश भी दिए। अंत में उन्होंने अस्पताल संचालन में हो रही दिक्कतों की लिखित जानकारी भेजने को कहा।

### पीएम आवास योजना के तहत बनेंगे तीन सौ आवास

रुडकी (आरएनएस)। नगर के गरीब लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन सौ आवास बनाए जाएंगे। यह आवास उन गरीब लोगों के लिए होंगे जिनके पास अपनी भूमि या भवन नहीं है और किराये पर रहते हैं। नगर पालिका द्वारा इस संबंध में शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। प्रधानमंत्री सबके लिए आवास योजना के तहत नगर में रहने वाले उन लोगों को मकान बना कर दिए जाएंगे जो किराये के मकानों में रहते हैं तथा जिनके पास अपनी भूमि या अपना मकान नहीं है। इन लोगों को मकान खरीदने के लिए शासन द्वारा अनुदान भी दिया जाएगा। नगर पालिका द्वारा इस योजना के लिए भूमि भी देखी जा चुकी है।

### दरोगा और परिजनों को पीटा

विकासनगर (आरएनएस)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लाइन जीवनढ़ में शनिवार को लाठी डंडों से लैस पंद्रह बीस ग्रामीणों ने उत्तराखंड पुलिस के एक दरोगा के घर में घुसकर दरोगा, दरोगा की पत्नी और बुजुर्ग पिता की जमकर पिटाई कर दी जिसमें दरोगा के बुजुर्ग पिता के हाथ की हड्डी फैक्कर हो गयी है। तीनों का सीएचसी विकासनगर में उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि हाल में दरोगा ने अपने मकान का किसी अन्य व्यक्ति से सौदा किया है। जिसमें ग्रामीण दरोगा से कमीशन की मांग रहे थे। लेकिन कमीशन न देने पर ग्रामीणों ने मारपीट कर दी।

# जनता के हित में लिए गए फैसलों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें : भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने की जनसम्पर्क विभाग की समीक्षा



रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश की जनता के हित में लिए जा रहे फैसलों, निर्णयों और संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश के दूरदराज के गांवों तक पहुंचाने में जनसम्पर्क विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। बघेल यहां मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित जनसंपर्क विभाग और उसकी सहयोगी संस्था छत्तीसगढ़ संवाद की प्रथम समीक्षा बैठक में विभागीय काम-काज की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन की योजनाओं और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार करने विविध माध्यमों और नई तकनीकों यथा इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जाए। साथ ही सही सूचनाएं समय पर लोगों तक पहुंचे इसका विशेष ध्यान रखें। जनसम्पर्क विभाग द्वारा अपने कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून के नियम-प्रारूप तैयार करने का कार्य जल्द पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री बघेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पत्रकार अधिमान्यता नियम की समीक्षा की गई।

# बिलासपुर-झारसुगुड़ा डाउन लाइन में मेंटनेंस : कई यात्री गाड़ियों का परिचालन हो रहा प्रभावित



रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-झारसुगुडा डाउन लाइन में चल रहे मेंटनेंस कार्य के चलते कुछ गाड़ियों का परिचाालन प्रभावित हो रहा है।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 23 जनवरी से 27 मार्च 2019 तक प्रत्येक बुधवार को गोंदिया एवं झारसुगुडा से छुटने वाली 58118-58117 गोंदिया-झारसुगुडा-गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसी तरह 30 मार्च से प्रत्येक शनिवार को बिलासपुर एवं टिटलागढ से छुटने वाली 58214-58213 बिलासपुर-टिटलागढ-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। प्रत्येक शुक्रवार को इतवारी से छुटने वाली 58112 इतवारी-टाटानगर पैसेंजर इतवारी-झारसुगुडा के मध्य रद्द रहेगी। प्रत्येक शनिवार को टाटानगर से छुटने वाली 58111 टाटानगर-इतवारी पैसेंजर झारसुगुडा-इतवारी के मध्य रद्द रहेगी। दिनांक 22, 25, 29 जनवरी एवं 01 फरवरी को प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को टाटानगर से छुटने वाली 58113 टाटानगर-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। दिनांक 23, 26, 30 जनवरी एवं 02 फरवरी तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को बिलासपुर से छुटने वाली 58114 बिलासपुर. टाटानगर पैसेंजर रद्द रहेगी।

### बढ़ती हुई असमानता और सामाजिक जिम्मेदारी पर आक्सफेम की प्रेसवार्ता 21 को

रायपुर (आरएनएस)। बढ़ती हुई असमानता गंभीर चिंता पैदा कर रही है। समाज के कुछ खास लोग अकूत संपत्ति जमाकर दिनों दिन अमीर हो रहे है। जबकि गरीब और ज्यादा गरीब हो रहा है। बढ़ती हुई असमानता और सामाजिक जिम्मेदारी पर आक्सफेम इंडिया लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद शुक्ल द्वारा प्रेस क्लब रायपुर में दोपहर 12:30 बजे 21 जनवरी को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। जारी विज्ञप्ति में शुक्ल ने बताया कि आक्सफेम इंडिया द्वारा विगत कुछ वर्षों से आर्थिक विसमता को मिटाने के लिए वैश्विक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

# केन्द्र सरकार के वित्तीय प्रबंधन पर कैग का बड़ा खुलासा

## छत्तीसगढ़ में रमन घोटालों में नया अध्याय : वाणिज्यिक कर घोटाला

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा की सरकारों की लगातार भ्रष्टाचार में संलिप्तता उजागर करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि मोदी सरकार के भ्रष्टाचार को कैग ने पकड़ा है। सीएजी ने नरेन्द्र मोदी सरकार के वित्तीय प्रबंधन पर बड़ा खुलासा किया है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक, मोदी सरकार ने चार लाख करोड़ रू. से ज्यादा का खर्च और कर्ज यानी उधारी छिपाने का काम किया है। इस धनराशि का जिक्र बजहट के दस्तावेजों में नहीं है।

माना जा रहा है कि राजकोषी घाटे के संकेतकों और आंकड़ों को दुरूस्त रखने के लिये सरकार ने ऑफ बजट फाइनेंसिंग की तरकीब का इस्तेमाल किया। खाद्यान्य और उर्वरकों पर सब्सिडी, सिंचाई ऊर्जा परियोजनाओं सहित अन्य तमाम पूंजीगत खर्चों को पूरा करने के लिये सरकार ने बजट से बाहर जाकर दूसरे सोर्स से पैसे की व्यवस्था की। ताकि बजट के लेखे-जोखे में उधारी न दिखे, इसके लिये उपभोक्ता, रेल और ऊर्जा मंत्रालय में खासतौर से ऑफबजट फाइनेंसिंग सिस्टम अपनाया गया।

# बृजेश साहू को जकांछ सुप्रीमो ने पार्टी से किया निष्कासित



बिलासपुर (आरएनएस)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सुप्रीमो अजीत जोगी के निर्देश पर अनुशासन समिति ने बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से जकांछ के उम्मीदवार रहे बृजेश साहू को निष्कासित कर दिया है। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासन से पहले समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप लगाया है। विधानसभा चुनाव के बाद बिलासपुर जिले में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ द्वारा यह पहली कार्रवाई है जिसमें उन्होंने अपने उम्मीदवार को ही पार्टी से निकाल बाहर किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार 19 जनवरी को राजधानी रायपुर में पार्टी अनुशासन समिति की बैठक हुई। बैठक में बिलासपुर जिले के साथ ही रायपुर के भी एक प्रकरण पर चर्चा हुई। बिलासपुर जिले में बिलासपुर विधानसभा सीट से जकांछ के उम्मीदवार रहे बृजेश की पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता के साथ ही चुनाव के दौरान उनकी सक्रियता के अलावा गतिविधियों को लेकर जकांछ सुप्रीमो के पास शिकायत पहुंची थी।

# कई दिनों से लापता युवक का शव खेत में मिला

बागेश्वर (आरएनएस)। राजस्व पुलिस क्षेत्र गुरना के तहत 15 दिन से लापता युवक का शव आमखेत तोक के एक खेत में मिला है। नदी से रेता ला रहे एक घोड़े वाले ने इसकी जानकारी राजस्व पुलिस को दी। सूचना के बाद राजस्व उपनिरीक्षक ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

राजस्व पुलिस उप निरीक्षक पप्पू लाल टम्टा के अनुसार गुरना गांव के भगवत बनकोटी ने 17 जनवरी को उनकी चौकी में भतीजे की गुमशुदगी दर्ज कराई। इसमें लिखा था कि उनका 38 वर्षीय भतीजा युवराज सिंह पुत्र नारायण सिंह पांच जनवरी को अचानक घर से गायब हो गया है। कई जगह उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

# रोहित शेट्टी की वीर सूर्यवंशी में अक्षय कुमार के साथ कटरीना कैफ ?




बॉलिवुड के सफल निर्देशकों में से एक रोहित शेट्टी ने इस इंडस्ट्री को बैक टु बैक कई हिट फिल्में दी हैं। रिपोर्ट की मानें तो अब रोहित अक्षय कुमार के लेकर एटीएस ऑफिसर वीर सूर्यवंशी के किरदार पर फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट की मानें तो कहा जा रहा है कि इस फिल्म में उनके ऑपोजिट उनसे इश्क लड़ाती दिखेंगी कटरीना कैफ। रोहित की हालिया फिल्म सिंबा बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचा रही और अपनी इस फिल्म में उन्होंने अक्षय कुमार की झलक पेश की, जिसके बाद खबर आई कि वह उनकी अगली फिल्म में नजर आनेवाले हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट आई कि रोहित की इस अगली फिल्म में कटरीना कैफ लीड रोल में नजर आनेवाली हैं।

# केंद्रीय जेल में कैदियों की क्षमता बढ़ाने का होगा प्रयास : पांडेय



बिलासपुर (आरएनएस)। केंद्रीय जेल में कैदियों की संख्या क्षमता से दुगुनी है। ऐसे में वहां रहने वाले कैदियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को केंद्रीय जेल का निरीक्षण करने पहुंचे शहर विधायक ने क्षमता बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर पहल करने का भरोसा दिलाया है। विधायक पांडेय शनिवार की शाम केंद्रीय जेल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक एसएस तिग्गा से मुलाकात की। फिर बैरकों के साथ ही पाकशाला, टायलेट-बाथरूम व अस्पताल का जायजा लिया। तब उन्हें पता चला कि केंद्रीय जेल में क्षमता से दुगुना कैदी हैं, जिसके कारण उन्हें दिक्कतें होती हैं। उन्होंने कैदियों के बेहतर जीवन के लिए जेल प्रबंधन को स्थानीय स्तर पर उपाय करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जेल में कैदियों की क्षमता बढ़ाने के लिए अधीक्षक को प्रस्ताव बनाकर दें। इस प्रस्ताव के आधार पर शासन से बैरक निर्माण की मांग की जाएगी। विधायक पांडेय ने कहा कि जेल में रहन-सहन समेत अन्य व्यवस्थाएं बेहतर हैं। ल

# अब चुड़ैल बनेंगी राखी सावंत



पिछले काफी समय से टेलीविजन की दुनिया से दूर रहने के बाद बालीवुड की ड्रामा चीन राखी सावंत एक बार फिर से टीवी पर वापसी करने जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, राखी इस बार किसी डेली सोप में नहीं बल्कि सुपरनेचुरल शो मनमोहिनी में चुड़ैल का रोल प्ले करती नजर आएंगी। फिलहाल इसकी ऑफिशियल घोषणा नहीं हुई है। शो मनमोहिनी की कहानी एक ऐसी चुड़ैल की कहानी है जो कि अपना सच्चा प्यार पाने के लिए तड़प रही है।

राखी ने एक इंटरव्यू में शो में अपने रोल के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि मैंने अपनी जिंदगी में कई सारी फिल्में, डांस शोज, रिएलीटी शोज किए हैं, लेकिन यह पहली बार होगा जब मैं किसी फिक्शन शो में दिखने वाली हूं। मेरा किरदार भी एक चुड़ैल का है जो मोहिनी की मदद करने आई है।

### आश्रम छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी जवान हुए बरी

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। विगत 31 जुलाई 2017 को रक्षाबंधन के दिन पालनार की छात्राओं से राखी बंधवाने गए जवानों द्वारा छेड़छाड़ के मामले में अदालत ने आरोप सिद्ध न होने पर दोनों आरोपी जवानों नीरज व नसीम अहमद को बाईज्जत बरी कर दिया है।

इस पूरे मामले में डेढ़ साल बाद दोनों जवानों को कोर्ट ने बाइज्जत बरी कर दिया है। यह फैसला करीब जिला व सत्र न्यायाधीश कांता मार्टिन की अदालत ने दिया। मामले की पुष्टि करते हुए सरकारी वकील महेंद्र जैन ने बताया कि मामले में जवानों के खिलाफ कोर्ट को पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले व शिनाख्त भी विधिवत नहीं हुई। दोनों जवानों को कोर्ट ने बरी कर दिया है।

# कैबिनेट की बैठक कल, लिए जा सकते है कई अहम निर्णय

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 21 जनवरी को प्रस्तावित है। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए जा सकते है।

मंत्रिपरिषद की बैठक में रखे जाने वाले प्रस्तावों को लेकर मुख्य सचिव सुनील कुजुर ने सभी विभागों को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दे दिए है। पिछली मंत्रिपरिषद की बैठकों की तरह इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए जा सकते है। विदित हो कि सरकार में आने के बाद से बघेल मंत्रिमंडल ने कई ऐतिहासिक व चमत्कारी निर्णय लिए है।

# कैल्शियम की कमी होने से पहले शरीर देता है यह 6 संकेत

कैल्शियम की कमी के कारण कई रोग हमारे शरीर को घेर लेते है। आज की जीवन शैली कुछ ऐसी ही गई है कि लोग अपने शरीर का सही ढंग से ध्यान नही दे पाते है और जिसकी वजह से शरीर में कई समस्या उत्पन्न होने लगती है। आज हम बात कर रहे है कैल्शियम की कमी की जो हमारे शरीर में कई तरह की समस्याओं को उत्पन्न करता है। इसलिए आज हम आपको बताने जा रहे हैं। कौन से सकेंत है जिससे आपको पता चल सकता है कि आपके शरीर में कैल्शियम या विटामिन डी की कमी है।



कैल्शियम की कमी होने पर हमारा शरीर देता है यह सकेंत -

1. कैल्शियम की कमी से दांतों में सड़न होने लगती है।
2. कैल्शियम की कमी से हमारे नाखून बहुत कमजोर हो जाते हैं और वह टूटने लगते हैं। और बाल झड़ने लगते हैं।
3. कमजोरी और थकान लगातार रहना। कुछ ना करने पर भी हड्डियों में दर्द बना रहना।
4. हाथ पैरों में दर्द होना, मांसपेशियों में दर्द बने रहना।
5. कैल्शियम की कमी होने पर हमारे शरीर के मांसपेशियों में ऐंठन की समस्या उत्पन्न होने लगती है।
6. हमारी याददाश्त कमजोर तथा डिप्रेशन की समस्या बढ़ने लगती है।

यह कैल्शियम की कमी के लक्षण है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के आमगन पर हुई चर्चा



विकासनगर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की नगर क्षेत्र में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर चर्चा हुई। बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष विपुल मैंदोली ने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। सेलाकुई बाजार में आयोजित बैठक में सहसपुर, ऋषिकेश, डोईवाला, भानियावाला, विकासनगर, हरबर्टपुर, चकराता व कालसी मंडल से कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिलाध्यक्ष विपुल मैंदोली ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को भी कमर कसनी होगी। उन्होंने आगामी 28 और 29 जनवरी को दून में आयोजित कार्यक्रम पर भी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। कहा कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम महाजन शिरकत करेंगी। ऐसे में कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उनका स्वागत करना है। इस दौरान सर्वसम्मति से शिवालिक मंडल कार्यकारिणी का भंग भी किया गया। साथ ही, जिलाध्यक्ष विपुल मैंदोली ने विशाल क्षेत्री को जिला उपाध्यक्ष व चिराग गुलेरिया को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी।

# हर तरह के किरदार निभाना चाहती हैं जैस्मिन भसीन



टीवी ऐक्ट्रेस जैस्मिन भसीन का कहना है कि पिछले साल उन्होंने नॉन-फिक्शन सीरियलों में अपना हाथ आजमाया है क्योंकि वह मानती हैं कि रील और रियल पर्सनैलिटी के बीच बैलेंस बनाए रखना चाहिए। इस समय वह खतरों के खिलाडी 9 में स्टंट करती नजर आ रही हैं और जल्द ही वह स्टार प्लस के सीरियल दिल तो हैपी है जी में दिखाई देंगी।

पिछली बार जैसमिन टीवी शो दिल से दिल तक में दिखाई दी थीं। उन्होंने कहा, जब आप किसी किरदार को एक साल से भी ज्यादा समय तक निभाते हैं तो उसे जीने लगते हैं। मेरा पिछला कैरक्टर एक गुजराती लड़की का था।